कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 13-04-2024

विषय:- थाना सिगरा पुलिस द्वारा एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम तथा आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व प्रभारी निरीक्षक सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर माल गोदाम रोड थाना क्षेत्र सिगरा से दिनांक- 13/04/2024 को अभियुक्त बंटी सिंह पुत्र स्व0 दिलीप सिंह निवासी सलारपुर निकट हंस बाबा मंदिर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष को एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मु0अ0सं0- 0097/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण:-

दिनांक 13.04.2024 को थाना सिगरा पुलिस जवाहर नगर तिराहे पर चेकिग कर रहे थे कि मुखबिर खास सूचना मिली कि एक व्यक्ति नाजायज तमंचा लिये हुये माल गोदाम रोड पर मौजूद है मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम बंटी सिंह पुत्र स्व0 दिलीप सिहं निवासी सलारपुर निकट हंस बाबा मंदिर थाना सारनाथ वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष बताया, जिसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना सिगरा पर मुकदमा दर्ज कराया है।

विवरण पूछतांछ -

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से नाम व पता पूछने पर अपना नाम बंटी सिंह पुत्र स्व0 दिलीप सिंह निवासी सलारपुर निकट हंस बाबा मंदिर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष बताया तथा पकड़े गये व्यक्ति से भागने का कारण पूछा गया तो बता रहा है कि साहब मेरे पास अवैध तमंचा था इसीलिए पकड़े जाने के डर से आप लोगों को देखकर भाग रहा था। मैं इस तमंचे को लोगों को डराने के लिए रखता हूं, साहब मुझसे गलती हो गई, मुझे माफ कर दीजिए।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-

1. बंटी सिंह पुत्र स्व0 दिलीप सिंह निवासी सलारपुर निकट हंस बाबा मंदिर थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1- एक अदद तमन्चा 12 बोर नाजायज।

2- एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

अपराधिक इतिहासः-

क्र.सं.	मु0अ0सं0	धारा	थाना
1.	0160/2022	379,411 भा0द0वि0	चेतगंज
2.	0097/2024	3/25 आर्म्स एक्ट	सिगरा

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री राजू सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री कुलदीप कुमार मिश्रा चौकी प्रभारी रोडवेज थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार गुप्ता, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 राकेश कुमार सिंह, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 विक्रान्त सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।